

Dr. Saumitra Rawat

Dr. Saumitra Rawat is highly respected and distinguished Surgeon of national and international repute. He is surgical trainer par excellence and important thought leader in Medicine. He is Chairman and Head, Department of Surgical Gastroenterology and Liver Transplant at Sir Ganga Ram Hospital, New Delhi and Member, Court of Examiner of Royal College of Surgeons of England.

2. Born on September 23, 1965, Dr. Rawat obtained MBBS and MS (Surgery) from Maulana Azad Medical College, New Delhi. He went to England for advanced super specialist training, where he was extensively trained in world-class centres at Sheflield, Newcastle and Leeds. He has impressive list of fellowships, which includes FRCS (Glasgow), FRCS (Edinburgh), FRCS (England) and FRCS (Intercollegiate). He was consultant and honorary consultant surgeon at Glasgow Royal Infirmary, East Cheshire NHS Trust and Christie's Hospital respectively. He is a trainer in laparoscopic surgery for Royal College of Surgeon of England and has trained surgeons from around the world. He was Surgical Tutor of Royal College of Surgeons of England. He has been faculty and convenor for various Skill Courses of Royal College of Surgeons of England. He was Undergraduate trainer for University of Leeds, Glasgow and Manchester and Postgraduate trainer for Glasgow and Liverpool. He is an important contributor to Oxford Handbook of Clinical Surgery and the Oxford Handbook of Operative Surgery. Dr. Rawat has held honorary positions in various professional bodies including Honorary Editor for the Indian edition of "Diseases of the Colon and Rectum".

3. After a very long and distinguished 17 years career in UK, Dr.Rawat returned to India and joined at Sir Ganga Ram Hospital. He is pioneer in bringing up laparoscopic and robotic surgery for GI cancer in Sir Ganga Ram hospital. He and his team have performed the first robotic hepatico- jejunostomy in India and first low anterior resection in North India and among the first to perform robotic and laparoscopic Oesophagectorny with excellent results. 'He also developed Enhanced recovery programme for cancer Surgery.

4. Dr. Rawat is also known for philanthropic and public service. As a President of Rotaract Club in Delhi, Connaught Place, he contributed to institutionalize voluntary service for socially and economically disadvantaged sections of society. He is supporting the basic education of underprivileged children and has helped many meritorious children to pursue higher education and their dreams.

5. Dr. Rawat has been honoured with many awards such as Ed Eundum Fellowship of Royal College of Surgeons of England, Academic excellence award by Delhi Medical Association and was felicitated for delivering a keynote lecture by Indian Medical Association, Oration awards by the Patna Medical College and Laxmibai National University of Physical Education. He was also conferred "Bundelkhand Gaurav Samman" for his extraordinary contributions and devotion to the field of Medicine.



डॉ. सौमित्र रावत

डॉ. सौमित्र रावत, राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय ख्याति के अत्यधिक सम्मानित और प्रतिष्ठित सर्जन हैं। आप मेडिसिन के क्षेत्र में उत्कृष्ट शल्य प्रशिक्षक और ख्याति प्राप्त विचारक हैं। आप सर गंगा राम अस्पताल, नई दिल्ली में सर्जिकल गैस्ट्रोएंटिरियोलॉजी और लिवर ट्रांसप्लांट के विभागाध्यक्ष और प्रमुख हैं तथा इंग्लैंड के कोर्ट ऑव एग्जामिनर ऑव रॉयल कॉलेज ऑव सर्जंस के सदस्य हैं।

2. आपका जन्म सितम्बर 23, 1965 को हुआ। आपने मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली से एम बी बी एस और एम एस (सर्जरी) की डिग्रियां प्राप्त कीं । आप आधुनिक सुपर स्पेशलिस्ट प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इंग्लैंड गए जहां आपने शेफील्ड, न्यूकैसल और लीड्स के विश्व स्तरीय केन्द्रों में गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। आपको प्राप्त फैलोशिप की लम्बी सूची में एफ आर सी एस (ग्लास्गो), एफ आर सी एस (एडिनबर्ग), एफ आर सी एस (इंग्लैंड) और एफ आर सी एस (इंटरकॉलिजिएट) शामिल हैं। आप ग्लास्गो रॉयल इंफर्मरी, ईस्ट केशायर एन एच एस ट्रस्ट और क्रिस्टी अस्पताल में क्रमश: परामर्शदाता और मानद परामर्शदाता सर्जन थे। आप इंग्लैंड के रॉयल कॉलेज ऑव सर्जन में लेपरोस्कोपिक सर्जरी के प्रशिक्षक हैं और आपने पूरे विश्व में सर्जनों को प्रशिक्षण प्रदान किया है। आप इंग्लैंड के रॉयल कॉलेज ऑव सर्जंस में सर्जिकल ट्यूटर थे। आप इंग्लैंड के रॉयल कॉलेज ऑव सर्जंस के विभिन्न कौशल पाठ्यक्रमों के फैकल्टी और कन्विनर रहे हैं। आप लीड्स, ग्लास्गो और मैनचेस्टर विश्वविद्यालयों के स्नातक-पूर्व प्रशिक्षक और ग्लास्गो और लिवरपूल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षक थे। आपने ऑक्सफोर्ड हैंडबुक ऑव क्लिनिकल सर्जरी और ऑक्सफोर्ड हैंडबुक ऑव ऑपरेटिव सर्जरी में महत्वपूर्ण योगदान किया। आपने विभिन्न व्यावसायिक निकायों में मानद पद धारण किए जिनमें "डिजीजेज ऑव द कोलोन एंड रेक्टम" के भारतीय अंक के मानद संपादक का पद शामिल है।

3. यू के में 17 वर्ष के अत्यधिक लम्बे और प्रतिष्ठित कार्यकाल के बाद आप भारत लौट आए और आपने सर गंगा राम अस्पताल ज्वाइन किया। आपने सर गंगा राम अस्पताल में जी आई कैंसर के लिए लैपरोस्कोपिक और रोबोटिक सर्जरी शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आपने और आपकी टीम ने भारत में पहली बार रोबोटिक हेपेटिको-जेजुनोस्टोमी और उत्तर भारत में पहला लो एंटिरियर रिसेक्शन किया और उत्कृष्ट परिणाम के साथ रोबोटिक और लैपरोस्कोपिक ओएसोफेगटार्नी करने वाले डॉक्टरों में पहले डॉक्टर हैं। आपने कैंसर सर्जरी के लिए एंहांस्ड रिकवरी प्रोग्राम भी विकसित किया है।

4. आपको लोकोपकारी और जनता की सेवा करने के लिए भी जाना जाता है। रोटरैक्ट क्लब, दिल्ली, कनॉट प्लेस के अध्यक्ष के रूप में आपने सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से कमजोर वर्गों को स्वैच्छिक सेवा प्रदान करने की पहल की । साधनहीन बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करने और कुशाग्र बुद्धि के कई बच्चों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने और उनके सपनों को पूरा करने में भी आपने सहायता की है।

5. आपको कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया हैं जिनमें इंग्लैड के रॉयल कॉलेज ऑव सर्जंस की एड इयूनडम फैलोशिप, दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन का एकेडेमिक एक्सीलेंस पुरस्कार शामिल है और की-नोट लेक्चर देने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आपको सम्मानित किया गया, पटना मेडिकल कॉलेज और लक्ष्मीबाई नेशनल यूनिवर्सिटी ऑव फिजिकल एजुकेशन द्वारा आपको ओरेशन पुरस्कार प्रदान किये गये। मेडिसिन के क्षेत्र में आपके असाधारण योगदान और निष्ठा के लिए आपको "बुंदेलखंड गौरव सम्मान" भी प्रदान किया गया।